# लोमड़ी और खट्टे अंगूर  की कहानी

**कहानी सुनने के लिए एक एक कर के दिए गए वीडियो चित्रों पर क्लिक कीजिए:**

एक समय की बात है। एक लोमड़ी बहुत भूखी थी और जंगल में खाने की तलाश में घूम रही थी।

घूमते – घूमते काफ़ी देर बाद उसे एक पेड़ पर पक्के और रसीले अंगूर के गुच्छे दिखाई दिए।

अंगूरों को देखते ही लोमड़ी के मुँह में पानी भर आया।

अंगूरों को खाने के लिए वह ज़ोर से कूदी लेकिन वहाँ तक नहीं पहुँच पाई।

अंगूरों तक पहुँचने में अपनी असफलता को स्वीकार करने के बजाय लोमड़ी ने कहा – “ अंगूर दिखने में तो पक्के और रसदार हैं लेकिन वे वास्तव में खट्टे हैं ”  और वह मुड़ कर चली गई।

# सीख

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि:

प्रयास में सफल न होने पर बहाना नहीं बनाना चाहिए।

हमें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए।